भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 6304
जिसका उत्तर मंगलवार, 05 मई, 2015 को दिया जाना है

**ओटोमोबाइल उद्योग का संवर्धन**

**6304. प्रो. सौगत राय:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के ओटोमोबाइल उद्योग की वृद्धि दर में गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान वृद्धि दर्ज की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा देश में ओटोमोबाइल उद्योग की वृद्धि दर को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)**

**(क):** गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान, यात्री वाहनों तथा वाणिज्यिक वाहनों के उत्पादन में गिरावट आई है, तथापि, दुपहिया और तिपहिया वाहनों के उत्पादन में वृद्धि हुई है।

**(ख) और (ग):** सेगमेन्टवार दर्ज वृद्धि/कमी का विवरण इस प्रकार है:

| श्रेणी | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 |
|---|---|---|---|
| यात्री वाहन | 3,231,058 | 3,087,973 | 3,220,172 |
| वाणिज्यिक वाहन | 832,649 | 699,035 | 697,083 |
| दुपहिया वाहन | 15,744,156 | 16,883,049 | 18,499,970 |
| तिपहिया वाहन | 839,748 | 830,108 | 949,021 |

**(घ):** भारी उद्योग विभाग अगले 10 वर्ष की योजनावधि में इस उद्योग की वृद्धि और विकास में सहायता के लिए ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2016-26 पर कार्य कर रहा है।

******